# Weekly Test

## 100 Que.



**KHAN GLOBAL STUDIES**

Most Trusted Learning Platform

+91 875 735 4880    www.khanglobalstudies.com

1. पृथ्वी के वायुमंडल की संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. क्षोभमंडल में संपूर्ण वायुमंडल का अधिकांश द्रव्यमान निहित होता है।
   2. विषुवतीय क्षेत्रों में धूल के कणों का उच्चतम संकेंद्रण पाया जाता है।
   3. निचले वायुमंडल में गैसों की संकेंद्रित (concentric) परत व्यवस्था पाई जाती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कितना/कितने सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) इनमें सभी (d) कोई नहीं
2. पृथ्वी पर दबाव पेटियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. विषुवतीय निम्न वायुदाब पेटी में सतही हवाओं की आभासी अनुपस्थिति के कारण इस क्षेत्र को 'डोलड्रम' कहा जाता है।
   2. उपोष्णकटिबंधीय उच्च वायुदाब पेटी क्षेत्र की विशेषता तेज हवाएँ और कम वर्षा हैं।
   3. उपध्रुवी निम्न वायुदाब पेटी में चक्रवाती तूफान की स्थिति देखी जाती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
3. ब्लैक कार्बन के संदर्भ में निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा गलत है?
   (a) यह जीवाश्म ईंधन के अधूरे दहन से उत्पन्न कणिका पदार्थ का जटिल मिश्रण है।
   (b) ताप के रूप में प्रकाश को अवशोषित करने की क्षमता के कारण यह आमतौर पर वातावरण में लंबे समय तक रहता है।
   (c) आर्कटिक में ब्लैक कार्बन के जमा होने से सूर्य की गर्म किरणों को परावर्तित करने की पृथ्वी की क्षमता कम हो जाती है।
   (d) ब्लैक कार्बन हमेशा अन्य कणों और गैसों के साथ उत्सर्जित होता है जो जलवायु पर प्रभाव डाल सकता है।
4. सुपोषण (यूट्रोफिकेशन - Eutrophication) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा गलत है?
   (a) जल निकाय में पौधों के पोषक तत्वों की बढ़ती सांद्रता के कारण सुपोषण होता है।
   (b) समुद्री जल में हाइपोक्सिया की परिघटना का परिणाम सुपोषण होता है।
   (c) सुपोषण के परिणामस्वरूप समुद्री जल का pH बढ़ जाता है।
   (d) सुपोषण के परिणामस्वरूप प्राथमिक उत्पादकों के उत्पादन में वृद्धि होती है।
5. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा विकल्प 'तापीय विलोमता (Temperature Inversion)' के संदर्भ में गलत है?
   (a) साफ आसमान और शांत हवा के साथ एक लंबी सर्दियों वाली रात तापीय विलोमता के लिए एक आदर्श स्थिति है।
   (b) कोहरा अक्सर उस क्षेत्र में देखा जाता है जहां तापीय विलोमता होता है।
   (c) तापीय विलोमता के कारण पृथ्वी अपने ऊपर की हवा की तुलना में अधिक गर्म हो जाती है।
   (d) ध्रुवीय क्षेत्रों में वर्ष भर तापीय विलोमता होना सामान्य है।
6. जनवरी के महीने में भूमध्य रेखा से सूर्य की दक्षिण-आभासी गति के दौरान निम्नलिखित में से कौन सी स्थितियाँ होती हैं?
   1. विषुवतीय निम्न वायुदाब पेटी, माध्य विषुवतीय स्थिति से दक्षिण की ओर खिसक जाती है।
   2. उपोष्ण कटिबंधीय उच्च वायुदाब स्थिति दक्षिणी गोलार्ध में समुद्र के ऊपर केंद्रित होती हैं।
   3. उत्तरी गोलार्द्ध में, उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर निम्न वायुदाब स्थितियां, अर्थात ऐल्यूशियन निम्नदाब, बनती हैं।

   निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2 और 3
7. ज्वार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. वृहत ज्वार के दौरान, सूर्य और चंद्रमा एक दूसरे के समकोण पर होते हैं।
   2. वृहत ज्वार और निम्न ज्वार के बीच सात दिन का अंतराल होता है।
   3. उच्च ज्वार और निम्न ज्वार के बीच का समय, जब जल स्तर गिर रहा होता है, 'बहाव' कहलाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3
8. ग्लोबल वार्मिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है?
   (a) यह मुख्य रूप से सूर्य से आने वाली अवरक्त विकिरण की दीर्घ तरंग दैर्ध्य को अवशोषित करने वाली ग्रीनहाउस गैसों के कारण होता है।
   (b) यह मुख्य रूप से पृथ्वी से निकलने वाली अवरक्त विकिरण की लघु तरंग दैर्ध्य को ग्रीनहाउस गैसों द्वारा अवशोषित करने के कारण होता है।
   (c) यह मुख्य रूप से पृथ्वी से निकलने वाली अवरक्त विकिरण की दीर्घ तरंग दैर्ध्य को ग्रीनहाउस गैसों द्वारा अवशोषित करने के कारण होता है।
   (d) यह मुख्य रूप से सूर्य से आने वाली अवरक्त विकिरण की लघु तरंग दैर्ध्य को अवशोषित करने वाली ग्रीनहाउस गैसों के कारण होता है।
9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. पछुआ पवनें उत्तरी गोलार्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्ध में तीव्र होती हैं।
   2. दक्षिणी गोलार्ध की तुलना में उत्तरी गोलार्ध के उच्च अक्षांशों में महासागरीय धाराएँ उनके ऊपर स्थित वायुमंडलीय पवन परिसंचरण से अधिक सरेखित होती हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
10. 'ब्लैक प्रवाल' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
    1. ये केवल गहरे समुद्री जल में ही पाए जाते हैं।
    2. इनका जूजेंथलाई के साथ एक सहजीवी संबंध नहीं होता है।
    3. आभूषणों के निर्माण में इनके अवैध उपयोग से इन्हें खतरा है।

    उपर्युक्त कथनों में से कितना/कितने सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) इनमें सभी (d) कोई नहीं
11. शीत और उष्ण वाताग्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं?
    1. शीत वाताग्र के प्रवाह की दिशा पश्चिम से पूर्व की ओर होती है।
    2. उष्ण वाताग्र के कारण अत्यधिक वर्षा या आंधी आती है।
    3. शीत वाताग्र उष्ण वाताग्र की तुलना में तेजी से आगे बढ़ते हैं।
    4. शीत वाताग्र को उत्तरोत्तर मध्यम और लंबे समय तक चलने वाले मौसम के पैटर्न से जोड़ कर देखा जाता है।

    निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :
    (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
    (c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 2 और 3
12. जैव विविधता हॉटस्पॉट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
    1. जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में घोषित होने के लिए एक क्षेत्र में 1500 से अधिक स्थानीय जंतुओं की प्रजातियां होनी चाहिए।
    2. सभी वैश्विक जैव विविधता हॉटस्पॉट दोनों गोलार्धों के उष्णकटिबंधीय अक्षांशों के अंतर्गत स्थित हैं।
    3. क्रिटिकल इकोसिस्टम पार्टनरशिप फंड विकासशील देशों और परिवर्तनशील अर्थव्यवस्थाओं में दुनिया के जैव विविधता हॉटस्पॉट की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।

    उपर्युक्त कथनों में से कितना/कितने गलत है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) इनमें सभी (d) इनमें से कोई नहीं
13. पृथ्वी के ऊष्मा बजट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
    1. पृथ्वी लघु तरंग रूप में सूर्यातप प्राप्त करती है और दीर्घ तरंग रूप में वायुमंडल में ऊर्जा को विकिरित करती है।
    2. वनस्पति से आच्छादित सतहों की तुलना में बर्फ से आच्छादित सतहों की धवलता (albedo) कम होती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

14. कोपेन वर्गीकरण में उष्णकटिबंधीय शुष्क और आर्द्र/जलवायु प्रकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. आर्द्र मौसम की अवधि दीर्घ और शुष्क मौसम की अवधि लघु होती है।
2. साल भर तापमान उच्च होता है।
3. इस जलवायु में पर्णपाती वन और वृक्ष-कटे हुए घास के मैदान पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3 (c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

15. ''वाटर स्पाउट्स'' निम्नलिखित वायुमंडलीय परिघटनाओं में से किस एक से संबंधित है?
(a) ओलावृष्टि (b) टॉरनेडो (c) फोगबो (d) धूल भरी आंधी

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. ध्रुवों की तुलना में भूमध्य रेखा के समीप समुद्र की गहराई में वृद्धि के साथ तापमान परिवर्तन की दर अधिक तीव्र होती है।
2. उत्तरी गोलार्ध के महासागरों का तापमान दक्षिणी गोलार्ध के महासागरों की तुलना में अपेक्षाकृत कम होता है।
3. उत्तर-पूर्वी व्यापारिक पवनें उत्तरी गोलार्ध में महाद्वीपों के पश्चिमी तटों के गर्म होने का कारण हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1 और 2

17. निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थितियाँ ओस के निर्माण में अनुकूल होती हैं?
1. तेज हवा के साथ स्वच्छ आसमान
2. हवा में उच्च सापेक्ष आर्द्रता
3. ठंडी और लंबी रातें
4. ओसांक बिंदु का हिमांक बिंदु से नीचे होना

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) 1, 2 और 4 (b) 2 और 3
(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

18. ''जुड़वाँ चक्रवात'' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इनका निर्माण विषुवतीय रॉस्बी लहरों के कारण होता है।
2. ये एक ही देशांतर में उत्पन्न होते हैं और एक ही दिशा में चक्रण करते हैं।
3. हिंद महासागर की तुलना में पूर्वी प्रशांत या अटलांटिक घाटी में जुड़वां उष्णकटिबंधीय चक्रवात का निर्माण अधिक सामान्य घटना है।

उपर्युक्त कथनों में से कितना/कितने सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) इनमें सभी (d) इनमें से कोई नहीं

19. वर्षा के रूपों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. बूंदाबांदी तब होती है जब संघनन की प्रक्रिया धीमी होती है, जबकि वर्षा तब होती है जब संघनन की प्रक्रिया स्थिर होती है।
2. बूंदाबांदी और वर्षा दोनों तब होती है जब संघनन की दर हिमांक बिंदु से अधिक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से गलत है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. वायुमंडल में जलवाष्प की सांद्रता मुक्त रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती।
2. सामान्यत: वायुमंडल में जलवाष्प की मात्रा भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर कम होती जाती है।
3. पृथ्वी की सतह पर किसी भी स्थान पर निरपेक्ष आर्द्रता (absolute humidity) स्थिर रहती है।
4. सापेक्षिक आर्द्रता महासागरों के ऊपर अधिक और महाद्वीपों के ऊपर सबसे कम होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) केवल 3 (d) इनमें से सभी

21. निम्नलिखित में से कौन सा एक उपराष्ट्रपति के बारे में सही नहीं है?
(a) वह अपना त्याग पत्र राष्ट्रपति को दे सकता है।
(b) वह राज्यसभा के बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा हटाया जा सकता है।
(c) राज्यसभा द्वारा उपराष्ट्रपति को हटाने सम्बन्धी पारित प्रस्ताव पर लोकसभा की अवश्य सहमति होनी चाहिए।
(d) वह अपना कार्यकाल पद की अवधि समाप्त होने के तत्काल बाद छोड़ेगा।

22. नीचे दो वक्तव्य दिए हैं। जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है -
**कथन (A):** भारत में केंद्रीय लोकसभा और राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचन में सदस्यों के बहुमत पाने वाले राजनैतिक दल ही सरकार बनाते रहे हैं न कि मतों का बहुमत पाने वाले।
**कारण (R) :** बहुमत प्रणाली पर आधारित निर्वाचनों में प्राप्त मतों की आपेक्षिक बहुलता के आधार पर ही परिणाम का निर्णय होता है।
ऊपर के दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?
(a) A और R दोनों सही हैं तथा A की सही व्याख्या R करता है
(b) A और R दोनों सही हैं पर A की सही व्याख्या Rनहीं करता
(c) A सही है पर R गलत है
(d) A गलत है पर R सही है

23. 44 वें संविधान संशोधन के सम्बन्ध के क्या सही नहीं है ?
(a) यह संशोधन जनता सरकार (1977-79) द्वारा लाया गया था
(b) इसके तहत 42वें संविधान संशोधन में बदलाव किया गया
(c) इस संशोधन के द्वारा पहली बार यह स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रपति केन्द्रीय मंत्रिमंडल के सुझाव के विपरीत कार्य नहीं कर सकता
(d) इस संशोधन के द्वारा राष्ट्रपति चाहे तो तब तक मंत्रिमंडल के सुझाव को पुनर्विचार के लिए वापस भेज सकता है जब तक वह संतुष्ट नहीं है

24. भारत के महान्यायवादी (अटॉर्नी जनरल) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
1. भारतीय संविधान के प्रावधानों के अनुसार, जब कोई मंत्रिपरिषद अपना इस्तीफा दे या बदल जाए तो उसे भी इस्तीफा देना होता है।
2. उसे संसद की संयुक्त बैठक की कार्यवाही में भाग लेने और बोलने का अधिकार होता है।
3. उसका पारिश्रमिक सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बराबर होता है।

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

25. सरकारिया आयोग गठित हुआ था समीक्षा करने के लिए-
(a) राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के मध्य सम्बन्धों की
(b) विधायिका और कार्यपालिका के मध्य सम्बन्धों की
(c) कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य सम्बन्धों की
(d) संघ और राज्यों के मध्य सम्बन्धों की

26. भारतीय संविधान के 73वें संशोधन में
(a) गांव तथा जिला स्तर पर पंचायती राज की द्वि-स्तरीय संस्थाओं का प्रावधान है
(b) गांव तथा ब्लॉक स्तर पर पंचायती राज की द्वि-स्तरीय संस्थाओं का प्रावधान है
(c) ब्लॉक तथा जिला स्तर पर पंचायती राज की द्वि-स्तरीय संस्थाओं का प्रावधान है
(d) गांव, ब्लॉक तथा जिला स्तर पर पंचायती राज की तीन-स्तरीय संस्थाओं का प्रावधान है

27. 'शिक्षा' को किस संविधान संशोधन के द्वारा राज्य सूची से समवर्ती सूची में डाला गया?
(a) 11वें (b) 39वें (c) 42वें (d) 61वें

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें–
1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के अनुसार 'ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई हो कि उस राज्य का शासन इस संविधान के उपबंधों के अनुसार नहीं चलाया जा सकता।' इस संदर्भ में राष्ट्रपति शासन लागू किये जाने संबंधी प्रावधान है।
2. उपर्युक्त विषय पर राष्ट्रपति द्वारा जारी उद्घोषणा को संसद की स्वीकृति प्राप्त करना जरूरी होता है।

3. राष्ट्रपति शासन को अधिकतम दो वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है।
4. कोई भी न्यायालय राष्ट्रपति-शासन लागू करने के निर्णय की संवैधानिकता की जाँच-पड़ताल नहीं कर सकता है।

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:
(a) 1 और 2 (b) 3 और 4
(c) 1, 2 और 4 (d) 2, 3 और 4

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक सांविधानिक निकाय नहीं है?
(a) भारत का निर्वाचन आयोग (b) वित्त आयोग
(c) राजभाषा आयोग (d) राष्ट्रीय महिला आयोग

**30.** निम्न में से कौन सा वक्तव्य सही नहीं है?
(a) संघीय मन्त्रियों की नियुक्ति भारत का राष्ट्रपति करता है
(b) वे राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद पर रहते हैं
(c) राष्ट्रपति प्रधानमन्त्री की सिफारिश के बिना किसी मन्त्री की नियुक्ति नहीं कर सकता
(d) संविधान मन्त्रियों के व्यक्तिगत एवं सामूहिक उत्तरदायित्व का उल्लेख करता है

**31.** राज्य की नीति के निदेशक तत्व का प्रयोजन क्या है?
(a) ऐसे सकारात्मक अनुदेश प्रस्तुत करना जो सभी स्तरों पर राज्य नीति का मार्गदर्शन करेंगे
(b) गाँधीजी के विकेन्द्रित राज्य के विचार का कार्यान्वयन
(c) सरकार द्वारा, यादृच्छिक शक्तियों के प्रयोग का नियंत्रण
(d) समाज के पिछड़े वर्गों के कल्याण को संवर्धित करना

**32.** भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद असम राज्य के लिए विशेष उपबंध से संबंधित है?
(a) अनु० 371A (b) अनु० 371B
(c) अनु० 371C (d) अनु० 371D

**33.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18 के अन्तर्गत उपाधियों के अन्त का प्रावधान है। इसके बारे में क्या सत्य नहीं है?
(a) नागरिक किसी विदेशी राज्य से कोई उपाधि स्वीकार नहीं करेगा
(b) एक व्यक्ति, जो भारत का नागरिक नहीं है, राज्य के अधीन लाभ के पद को धारण करते हुए किसी विदेशी राज्य से कोई उपाधि राष्ट्रपति की सहमति के बिना स्वीकार नहीं करेगा
(c) राज्य विद्या अथवा सैनिक विशिष्टता हेतु कोई उपाधि प्रदान नहीं करेगा
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**34.** राष्ट्रीय महिला आयोग सृजित हुआ है
(a) भारत के संविधान में संशोधन से
(b) संघ मंत्रिमण्डल के निर्णय से
(c) संसद द्वारा पारित अधिनियम से
(d) भारत के राष्ट्रपति के आदेश से

**35.** लोक सभा अध्यक्ष के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही नहीं?
(a) लोकसभा का सदस्य न रहने पर वह पद खाली कर देगा।
(b) वह, किसी भी समय, भारत के राष्ट्रपति को त्याग-पत्र लिखकर पद त्याग कर सकता है।
(c) उसे सदन के सभी तत्समय सदस्यों के बहुमत से पारित लोक सभा के संकल्प द्वारा उसके पद से हटाया जा सकता है।
(d) लोकसभा अध्यक्ष का पद खाली रहते समय, उस पद के कार्य लोक सभा उपाध्यक्ष द्वारा किए जाएँगे।

**36.** भारत की अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित घटनाओं में से कौन सर्वप्रथम घटित हुई?
(a) बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण
(b) भारतीय स्टेट बैंक का राष्ट्रीयकरण
(c) बैंकिंग नियंत्रण अधिनियम का नियमन
(d) प्रथम पंचवर्षीय योजना का प्रारंभ

**37.** वर्तमान में भारत की योजनाओं के सार्वजनिक व्यय हेतु अधिकतम साधन कहां से जुटाए जाते हैं?
(a) वर्तमान प्राप्तियों से (b) विदेशों से
(c) सार्वजनिक उद्योगों से (d) ऋण से

**38.** निम्नलिखित में कौन लॉरेंज वक्र द्वारा मापा जाता है?
(a) अशिक्षा (b) बेरोजगारी
(c) जनसंख्या वृद्धि दर (d) आय की विषमता

**39.** एन.एस.एस.ओ. के 68वें दौर के आधार पर गरीबी अनुमानों के बारे में कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा को रु. 27.20 प्रति व्यक्ति प्रतिदिन परिभाषित किया गया।
(b) शहरी क्षेत्रों के लिए गरीबी रेखा को रु. 33.33 प्रति व्यक्ति प्रतिदिन परिभाषित किया गया।
(c) भारत की 21.9 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रही थी।
(d) भारत की 33.35 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रही थी।

**40.** क्रेता का बाजार कहलाता है, जहां-
(a) मांग से पूर्ति अधिक होती है। (b) पूर्ति से मांग अधिक होती है।
(c) पूर्ति मांग के बराबर होती है। (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**41.** अल्पकाल में भारतीय रिजर्व बैंक, जिस ब्याज दर पर व्यापारिक बैंकों को उधार देता है, उसे कहा जाता है-
(a) ब्याज दर (b) बैंक दर
(c) उलट रेपो दर (d) रेपो दर

**42.** यदि आप अपने बैंक के मांग जमा खाते (Demand Deposit Account) में रु. 1,00,000 की नकद राशि निकालते हैं, तो अर्थव्यवस्था में तात्कालिक रूप से मुद्रा की समग्र पूर्ति पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?
(a) मुद्रा की समग्र पूर्ति में रु. 1,00,000 की कमी आएगी
(b) मुद्रा की समग्र पूर्ति में रु. 1,00,000 की वृद्धि होगी
(c) मुद्रा की समग्र पूर्ति में रु. 1,00,000 से अधिक की वृद्धि होगी
(d) मुद्रा की समग्र पूर्ति अपरिवर्तित रहेगी

**43.** कभी-कभी समाचारों में आने वाले 'बिटकॉइंस' (Bitcoins) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. बिटकॉइंस की खोज खबर देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा रखी जाती है।
2. बिटकॉइन के पते वाला कोई भी व्यक्ति, बिटकॉइन के पते वाले किसी अन्य व्यक्ति को बिटकॉइंस भेज सकता है या उससे प्राप्त कर सकता है।
3. ऑनलाइन अदायगी, दोनों तरफ में से किसी भी तरफ की पहचान जाने बिना, की जा सकती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**44.** भारत में राजस्व घाटे से तात्पर्य है कि-
(a) भारत सरकार को अपने उन व्ययों के वित्तपोषण के लिए उधार लेने की आवश्यकता है, जो पूंजीगत परिसंपत्तियों का निर्माण करते हैं।
(b) भारत सरकार को अपने उन व्ययों के वित्तपोषण के लिए उधार लेने की आवश्यकता है, जो पूंजीगत परिसंपत्तियों का निर्माण नहीं करते हैं।
(c) भारत सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक से सरकारी प्रतिभूतियों के बदले उधार लेने की आवश्यकता है।
(d) भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से उधार लेने की आवश्यकता है।

**45.** भारत में निम्न में से कौन राजकोषीय नीति निर्धारित करता है?
(a) योजना आयोग (b) वित्त आयोग
(c) वित्त मंत्रालय (d) भारतीय रिजर्व बैंक

**46.** सातवाहन शासकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. सातवाहन नरेश प्राकृत भाषा के पोषक थें।
2. सातवाहन काल में कला के लोक पक्ष को अधिक प्रोत्साहन मिला।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

**कूट :**
(a) केवल 1 (b) 1 और 2 दोनों
(c) केवल 2 (d) न तो 1 न ही 2

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?
1. सातवाहन वंश की शक्ति क्षीण होने के बाद वाकाटक वंश ने अपना राज्य स्थापित किया।
2. वाकाटक वंश का पहला राजा प्रवर सेन (प्रथम) हुआ।

3. विंध्य शक्ति प्रवर सेन का पुत्र था।

**सही विकल्प चुनें-**

(a) (i), (ii) और (iii) (b) (i) और (ii)
(c) केवल (i) (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** निम्नलिखित में से किस स्तूप में 'आर्यक-स्तम्भ' बाले मंच की विशेषताएं मिलती हैं?

(a) घण्टशाल (b) बोधगया (c) नागार्जुनीकोडा (d) अमरावती

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?

| | **अभिलेख** | **शासक** |
|---|---|---|
| (a) | नासिक | गौतमीपुत्र |
| (b) | हाथीगुम्फा | खारवेल |
| (c) | भितरी | पुलकेशिन द्वितीय |
| (d) | गिरनार | रुद्रदामन प्रथम |

**50.** निम्नलिखित में से किस वंश के शासकों को पुराणों में 'श्रीपर्वतीय' कहा गया है?

(a) वाकाटक (b) इक्ष्वाकु (c) शक (d) खारवेल

**51.** निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

**कथन (A) :** कुषाण फारस की खाड़ी और लाल सागर से होकर व्यापार करते थें।

**कारण (R) :** उनकी सुसंगठित नौसेना उच्च कोटि की थी।

उपर्युक्त के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा सही उत्तर हैं?

**कूट :**

(a) दोनों (A) और (R) सही है और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण हैं।
(b) दोनों (A) और (R) सही हैं, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है, परंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परंतु (R) सही हैं।

**52.** राजा खारवेल का नाम किस अभिलेख से जुड़ा हैं-

(a) गिरनार के स्तंभलेख के साथ (b) जूनागढ़ स्तंभलेख के साथ
(c) हाथीगुम्फा लेख के साथ (d) सारनाथ लेख के साथ

**53.** मैडम कामा ने भारत के त्रिरंगी स्वतंत्रता ध्वज को कहां फहराया था?

(a) पेरिस (b) लंदन (c) स्टुटगार्ट (d) जेनेवा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**54.** निम्नलिखित में से किस युग्म को इंग्लैंड में अंग्रेज अधिकारियों की हत्या के आरोप में फांसी की सजा मिली?

(a) राजगुरु तथा सुखदेव
(b) खुदीराम बोस तथा सूर्यसेन
(c) मदनलाल ढींगरा तथा ऊधम सिंह
(d) करतार सिंह सराभा तथा अशफाकउल्लाह खां

**55.** कामागाटामारू -

(a) एक राजनैतिक दल जो ताइवान आधारित था।
(b) चीन का एक किसान साम्यवादी नेता था।
(c) कनाडा की यात्रा पर निकला एक जलपोत था।
(d) चीन का गांव जहां से माओत्से तुंग न अपना 'लांग मार्च' आरंभ किया था।

**56.** पेड़ पौधों में सम्न्वय के लिए आवश्यक माना जाता है-

(a) पौधों की तंत्रिकाएँ (b) पौधों में हार्मोन क्रियाएँ
(c) पौधों में भोजन का निर्माण (d) पौधों में श्वसन प्रक्रिया

**57.** गलत युग्म का चयन कीजिए यदि हो तो-

(a) थॉयरॉक्सीन–वसा, कार्बोहाइड्रेट व प्रोटीन का उपापचय
(b) कृत्रिम इंसुलिन– रक्त ग्लूकोज पर नियंत्रण
(c) पैराथॉयरॉक्सीन–कैल्शियम व आयोडीन पर नियंत्रण
(d) मेलॉटोनिन–निद्रा

**58.** कौन सा प्रोटीन प्रकाश संश्लेषण के लिए महत्पूर्ण भूमिका निभाता है।

(a) Rubisco प्रोटीन (b) Tau प्रोटीन
(c) कोलाजेन प्रोटीन (d) फाइब्रिनोजेन प्रोटीन

**59.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. चींटीं 2. भालू
3. हाथी 4. गिलहरी
5. ध्रुवीय भालू

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

**कूट:-**

(a) 1, 2, 4 (b) 1, 2, 3, 4 (c) 3, 4, 5 (d) 1, 4, 5

**60.** निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए तथा गलत कथन का चयन कीजिए यदि हो तो–

(a) रक्त समूह के बारे में शुरूआत में कार्ल लैण्ड स्टीनर बताया था।
(b) AB रक्त समूह में कोई भी ग्लाइकोप्रोटीन यानी एण्टीजन नहीं पाया जाता है।
(c) B रक्त समूह वाला व्यक्ति B व O रक्त समूह वाले व्यक्ति से रक्त ले सकता है।
(d) A रक्त समूह वाला व्यक्ति A व AB रक्त समूह वाले व्यक्तियों का रक्त दे सकता है।

**61.** रक्त दाब का नियमन का कारण–

(a) हृदय का सिकुड़ना व फैलना
(b) फेफड़े के द्वारा गैसों का आदान प्रदान
(c) वृक्क के द्वारा रक्त का शुद्धिकरण
(d) मस्तिष्क द्वारा हृदय का नियंत्रण

**62.** दाहिना फेफड़ा, बाएँ फेफड़ की तुलना में ......... कौन सा तथ्य गलत हो सकता है।

(a) बड़ा व चौड़ा (b) लम्बाई में छोटा
(c) बीच में झुकाव व बड़ा (d) छोटा व पतला

**63.** निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए–

1. न्यूरॉन में जन्म के बाद विभाजन बंद हो जाता
2. आंतरिक कर्ण में अनियमितता आनें से बहरापन भी हो सकता है।
3. हाइपोथैलमस हमारे शरी का तापमान नियंत्रण करता है।
4. मेंडुला आंएलगेटा द्वारा भूख प्यास की स्थिति निर्यंत्रित होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

**कूट:-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) केवल 3 (d) केवल 4

**64.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. क्लोरोफिल द्वारा प्रकाश ऊर्जा का अवशोषण
2. ऑक्सीजन द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड का निर्णाण
3. प्रकाश ऊर्जा का रासायनिक ऊर्जा में रूपान्तरण
4. कार्बन डाई ऑक्साइड का कार्बोहाइड्रेट में अपचयन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

**कूट:-**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 3 और 4 (d) इनमें से कोई नहीं

**65.** रुधिर दाब (Blood Pressure) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–

1. रुधिर दाब धमनियों की अपेक्षा शिराओं में अधिक होता है।
2. उच्च रक्त दाब का मुख्य कारण धमनियों का सिकुड़ना है।
3. रुधिर दाब को स्फिग्मोमैनोमीटर द्वारा जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

**कूट:-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 1 और 3

**66.** निम्लिखित में से कौन सा युग्म जीवाणु से संबंधित बीमारी का नाम नहीं है।

(a) टायफाइड व निमोनिया (b) ट्यूबर क्यूलोसिस व डिप्थिरिया
(c) लेप्रोसी व प्लेग (d) माइक्रसिफेली व राइनाइटिस

**67.** निम्नलिखित में से गलत कथन का चयन कीजिए–

(a) तार के द्वारा उष्मा उत्पन्न होना तार के मोटाई व लम्बाई पर निर्भर करता है।
(b) LED बल्ब, CFL की तुलना में कम ऊर्जा खपत करता है।
(c) चमकदार ट्यूब लाइट, CFL व LED आदि मर्करी वाष्प की उपयोग करती है इसीलिए यह हानिकारक है।
(d) बल्ब, प्रकाश ऊर्जा के लिए अधिक दक्ष नही होते हैं।

68. तारे अपनी ऊर्जा प्राप्त करते हैं–
1. नाभिकीय संलयन से
2. गुरुत्वीय संकुचन से
3. रासायनिक अभिक्रिया से
4. नाभिकीय विखण्डन से
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
कूटः-
(a) केवल 1 एवं 2 (b) केवल 1, 2 एवं 3
(c) केवल 1 एवं 4 (d) केवल 2 एवं 4

69. दो समतल दर्पणों को 90 डिग्री के कोण पर रखा गया है और उनके मध्य एक मोमबत्ती जल रही है। दर्पणों में मोमबत्ती के कितने प्रतिबिम्ब दिखाई देंगे–
(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) अनंत

70. निम्नलिखित में से किस-किस में पराश्रव्य तरंगों का उपयोग होता है–
1. समुद्र की गहराई का पता लगाने में
2. गठिया रोग के उपयार में
3. मस्तिष्क के ट्यूमर का पता लगाने में
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
कूटः-
(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 (d) इनमें से कोई नहीं

71. साइकिल का पैदल चलाना बन्द करने पर उसकी गति धीमी पड़ने लगती है, क्योंकि –
(a) घर्षण बल गति की दिशा में काम करने लगता है।
(b) घर्षण बल गति की विचरित दिशा में काम करने लगता है।
(c) घर्षण बल कार्य करना बंद कर देता है।
(d) घर्षण बल का कोई प्रभाव नहीं पड़ता, साइकिल अपने आप चलकर रूक जाएगी।

72. दुग्ध मापी (Lactometer), किस सिद्धांत पर कार्य करता है?
(a) न्यूटन के गति का नियम (b) आर्कीमिडीज का सिद्धांत
(c) गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत (d) केपलर का सिद्धांत

73. निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार कीजिए:
1. घर्षण बल सदैव गति की दिशा में कार्य करता है।
2. यदि किसी वस्तु पर कोई बाह्य बल आरोपित नप किया जाए ता वस्तु अपनी प्रारंभिक स्थिति में रहती है।
3. न्यूटन ने वास्तव में बल एवं गति के गैलीलियो के नियमों को ही विस्तार तथा प्रमाणिकता प्रदान की।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
कूटः-
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. मानव नेत्र के लिए सुस्पष्ट दर्शन की अल्पतम दूरी 25 सेमी. है।
2. मानव नेत्र लेंस के दूधिया या धुंधला होना ही मोतियाबिन्द कहलाता है।
3. मानव नेत्र का क्षैतिज दृष्टि क्षेत्र लगभग $180^0$ है।
उपरोक्त में असत्य कथन है/हैं–
कूटः-
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) इनमें से कोई नहीं

75. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I (ईंधन गैस) | सूची-II (प्रमुख अवयव) |
|---|---|
| A. सीएनजी (CNG) | 1. कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोजन |
| B. कोयला गैस | 2. ब्यूटेन, प्रोपेन |
| C. एलपीजी | 3. मीथेन, इथेन |
| D. भाप-अंगार गैस | 4. हाइड्रोजन, मीथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड |

कूट :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

76. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. क्रैकिंग | 1. रबड़ |
| B. प्रगलन | 2. पेट्रोलियम |
| C. हाइड्रोजनीकरण | 3. कॉपर |
| D. वल्कनीकरण | 4. खाद्य वसा |

कूट :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 | (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

77. निम्न में से कौन-से वाष्पीकरण को प्रभावित करने वाले कारक हैं:–
1. सतह क्षेत्र 2. तापमान
3. आर्द्रता 4. वायु की गति
सही विकल्प चुनें:–
कूटः-
(a) सभी कारक प्रभावित करते हैं
(b) केवल 1 व 2
(c) केवल 2, 3 व 4 (d) केवल 1, 2 व 3

78. कोलाइड के गुणधर्म पर विचार करें–
1. यह एक विषमांगी मिश्रण है,
2. कोलाइडल कणों को आंखों से नहीं देखा जा सकता,
3. यह कण इतने बड़े होते हैं कि प्रकाश की किरण को फैलाते हैं और उसके मार्ग को दृश्य बनाते हैं?
4. कोलाइडल कणों को अपकेन्द्रीकरण तकनीक द्वारा भी पृथक नहीं किया जा सकता,
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं–
कूटः-
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 4 (d) कोई नहीं

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. प्राकृतिक रेशे संश्लेषित रेशों की अपेक्षा कम जल सोखते हैं।
2. सभी संश्लेषित रेशे पेट्रोरसायन की मदद से बाए जाते हैं।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:
कूटः-
(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) दोनों (d) कोई नहीं

80. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. नाइलॉन | 1. भोजन पात्र |
| B. टफलॉन | 2. पैराशूट |
| C. पॉलिएस्टर | 3. सेलुलोज |
| D. रेयॉन | 4. वस्त्र सामग्री |

कूट :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 | (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

81. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?
1. सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा है।
2. 2020 में, केंद्र ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था और राज्य

को दो केंद्र शासित प्रदेशों - लद्दाख और जम्मू और कश्मीर में विभाजित कर दिया था।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**82.** भारत अगले सात वर्षों में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन पर कुल .................. रुपये खर्च करेगा।

(a) 45 लाख करोड़ (b) 57 लाख करोड़

(c) 74 लाख करोड़ (d) 82 लाख करोड़

**83.** नीति आयोग द्वारा जारी एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की पहली डेल्टा रैंकिंग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. तेलंगाना के आसिफाबाद जिले के कुमुराम भीम के तिरियानी ब्लॉक ने शीर्ष स्थान हासिल किया।
2. दूसरा स्थान मध्य प्रदेश के कौशांबी जिले के कौशांबी ब्लॉक को मिला।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**84.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. 30 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने श्ड्रोन दीदी योजनाश लॉन्च की।
2. महिला समूहों को ड्रोन खरीदने के लिए 80% सब्सिडी (अधिकतम 15 लाख रुपये) दी जाएगी।
3. केंद्रीय कैबिनेट ने 15 हजार महिला समूहों को ड्रोन मुहैया कराने की योजना को मंजूरी दी थी।

**सही कोड चुनें:**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3

(c) 1 और 3 (d) ऊपर के सभी

**85.** 11 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत@2047: वॉयस ऑफ यूथ' किसने लॉन्च किया है?

(a) पीएम नरेंद्र मोदी (b) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

(c) उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ (d) गृह मंत्री अमित शाह

**86.** अनुराग सिंह ठाकुर ने नई दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा गेम्स के किस संस्करण का उद्घाटन किया?

(a) दूसरा (b) तीसरा (c) चौथी (d) पहला

**87.** भारत का सबसे बड़ा अत्याधुनिक खेल विज्ञान केंद्र ............ में स्थापित किया गया।

(a) कलिंगा स्टेडियम (b) जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम

(c) करणी सिंह शूटिंग रेंज (d) इंदिरा गांधी स्टेडियम

**88.** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दो नई परमाणु ऊर्जा संचालित पनडुब्बियों का अनावरण किया। इसके बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सहीहै?

1. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्रास्नोयार्स्क और सम्राट अलेक्जेंडर III पनडुब्बियों का उद्घाटन किया।
2. सम्राट अलेक्जेंडर III सेवा में प्रवेश करने वाली सातवीं बोरेई श्रेणी की परमाणु-संचालित पनडुब्बी है।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

**89.** पोलैंड के नए प्रधान मंत्री के रूप में किसे चुना गया है?

(a) आंद्रेई डूडा (b) अलेक्जेंडर डी क्रू

(c) डोनाल्ड टस्क (d) पेड्रो सांचेज

**90.** भारत की पहली सिक्स लेन स्टील स्लैग आधारित सड़क का निर्माण किया गया है। यह NH-6 को ............... से जोड़ता है।

(a) हजीरा बंदरगाह (b) कांडला बंदरगाह

(c) कामराजार बंदरगाह (d) विशाखापत्तनम बंदरगाह

**91.** साइबेरियाई बाघों का पहला जोड़ा निम्नलिखित में से किस प्राणी उद्यान में पहुंचा?

(a) अलीपुर प्राणी उद्यान (b) अमिर्थी जूलॉजिकल पार्क

(c) पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क

(d) इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान

**92.** लेखिका पुष्पा भारती के संस्मरण को व्यास सम्मान पुरस्कार के लिए चुना गया है। संस्मरण का नाम क्या है?

(a) 'एक जीवन कम साधारण' (b) 'यादें, यादें और यादें'

(c) 'मेरे जीवन की परीक्षा' (d) 'मेरी माँ की कहानी'

**93.** अक्टूबर 2023 में, भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर ............. पर पहुंच गई।

(a) 10.4% (b) 11.7% (c) 13.1% (d) 20.9%

**94.** निम्नलिखित में से किसने इनोवेशन मूविंग इमेजेज में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है?

(a) चिल्ड्रन ऑफ नोबडी (b) चलचित्रो एखोन

(c) मोन पोटोंगो (d) इनमे से कोई भी नहीं

**95.** 2023 के पहले नौ महीनों में, भारत ने ............ विदेशी पर्यटकों का स्वागत किया।

(a) 8.43 मिलियन (b) 7.43 मिलियन

(c) 5.43 मिलियन (d) 6.43 मिलियन

**96.** ग्लोबल रिवर सिटीज एलायंस के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में ग्लोबल रिवर सिटीज एलायंस लॉन्च किया गया है।

2. ग्लोबल रिवर सिटीज एलायंस 11 देशों के 275+ से अधिक वैश्विक नदी शहरों को कवर करता है।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

**97.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

1. भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता विधेयक (बीएनएसएस), 2023 भारतीय दंड संहिता 1829 का स्थान लेगा।

2. विधेयक में ''मानसिक बीमारी'' को ''अस्वस्थ दिमाग'' से बदल दिया गया है।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 (d) इनमे से कोई भी नहीं

**98.** मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. यह विधेयक चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन) अधिनियम, 1991 का स्थान लेता है।

2. विधेयक के प्रावधानों के अनुसार, राष्ट्रपति एक चयन समिति की सिफारिश पर सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेंगे।

**उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**99.** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 14 दिसंबर को .......... से मनाया जा रहा है।

(a) 1990 (b) 1991 (c) 1992 (d) 1993

**100.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सही है?

1. 13 दिसंबर को, COP28 जलवायु शिखर सम्मेलन में लगभग 200 देशों के प्रतिनिधियों ने जीवाश्म ईंधन की वैश्विक खपत को कम करना शुरू करने पर सहमति व्यक्त की।

2. 100 से अधिक देशों ने तेल, गैस और कोयले के उपयोग को ''चरणबद्ध'' करने के लिए COP28 समझौते का समर्थन किया था।

**सही कोड चुनें:**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

❑❑❑

# KHAN GLOBAL STUDIES

Most Trusted Learning Platform

Download The
Khan Global Studies App



GET IN ON Google Play

Download on the App Store

## Our Centres

Patna Delhi Prayagraj

Jaipur Dehradun

## Visit Us

YouTube | Website | Telegram | Whatsapp

For more informaiton: 8757354880 | enquiry@khanglobalstudies.com